

**अब सब जीतने होंगे**

चेन्नै सुपर किंग्स ने अभी तक तीन ही मैच जीते हैं। उसे चार मैच और खेलने हैं तथा प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे वह चारों जीतने होंगे। इसके साथ ही जीत का अंतर भी बड़ा रखना होगा ताकि उसका नेट–रनरेट भी दूसरों से बेहतर हो सके।

## चेन्नै सुपर किंग्स अब भी कर सकती है प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंइंडियन प्रीमियर लीग 2020 में चेन्नै सुपर किंग्स के लिए काफी मुश्किलें रही हैं। टीम के दो सीनियर खिलाड़ी, सुरेश रैना व हरभजन सिंह ने अपना नाम वापस ले लिया। उसके बाद दल के दर्जनभर सदस्यों को कोरोना की परेशानी का सामना करना पड़ा। मैदान पर भी टीम के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने सफर की शुरुआत तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ की लेकिन इसके बाद वह पटरी से उतर गई। टीम ने 10 में से तीन में ही जीत हासिल की है और अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। चेन्नै ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 125 का स्कोर बनाया। महेंद्र सिंह धोनी ने 28 और जडेजा ने 36 रन की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। उसने 28 गेंद पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ और जोस बटलर ने मिलकर पारी को मुश्किल से निकाला।

# जाधव और चावला में कौन सा स्पार्क नजर आता है

### टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कृष्णमनचारी श्रीकांत का महेंद्र सिंह धोनी पर निशाना

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कृष्णमनचारी श्रीकांत ने महेंद्र सिंह धोनी पर जमकर हमला बोला है। चेन्नै सुपर किंग्स के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को मिली हार के बाद श्रीकांत ने पूरे सीजन में धोनी के टीम सिलेक्शन और श्हास्यास्पदश और श्बकवासश बताया है।

रॉयल्स के हाथों मिली हार चेन्नै सुपर किंग्स की सीजन में सातवीं हार थी। टीम के 10 मैचों में छह अंक हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। आईपीएल के इतिहास में चेन्नै की टीम का रेकॉर्ड शानदार रहा है। टीम ने जब भी इस लीग में भाग लिया है तो प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ किया है। हालांकि इस बार उसका टॉप 4 में पहुंचना मुश्किल नजर आ रहा है। मैच के बाद प्रजेंटेशन के दौरा धोनी ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार



स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा था कि युवा खिलाड़ियों ने उस तरह का स्पार्क नहीं दिखाया जिससे उन्हें टीम में शामिल किया जा सके।

धोनी के इस बयान से पूर्व मुख्य चयनकर्ता श्रीकांत साफ तौर पर नाराज नजर आए। उन्होंने खास तौर पर पीयूष चावला और केदार जाधव को लगातार टीम में जगह दिए जाने पर निशाना साधा। उन्होंने जाधव के बारे में कहा कि उन्हें मैदान पर चलने के लिए स्कूटर की जरूरत होती है।

श्रीकांत ने स्टार स्पोर्टस तमिल के साथ बातचीत में कहा, धोनी जिस प्रक्रिया की बात कर रहे हैं मैं उससे कतई सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा, जिस प्रोसेस की वह लगातार बात कर रहे हैं उसका कोई अर्थ नहीं है। आप बार–बार प्रक्रिया की बात कर सकते हैं लेकिन सिलेक्शन की प्रक्रिया ही अपने आप में सही नहीं है।

श्रीकांत, जो आईपीएल के पहले सीजन में चेन्नै सुपर किंग्स के ब्रांड ऐम्बेसेडर भी थे, ने एन जगदीशन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह एक ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्हें पर्याप्त मौके नहीं दिए गए। जगदीशन ने पूरे सीजन में एक मैच खेला और रॉयल चौलेंजर्स के खिलाफ 33 रन बनाए। वहीं केदार जाधव ने 8 मैचों में कुल 62 रन बनाए और वह किसी तरह का प्रभाव छोड़ने में असफल रहे।

श्रीकांत ने कहा, श्धोनी क्या कहना चाहते हैं? जगदीशन में स्पार्क नहीं है लेकिन स्कूटर जाधव में स्पार्क है? यह बेकार ही बात है। मैं आज इस जवाब को मानने के लिए तैयार नहीं। यह सब प्रक्रिया और टूर्नमेंट के लिए टूर्नमेंट सब खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, धोनी अब कहते हैं कि अब दबाव नहीं है और वह अब युवाओं को मौका देंगे। कम ऑन यार।

# स्टीव स्मिथ ने पोलार्ड और डि विलियर्स से की बटलर की तुलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने जोस बटलर की तुलना एबी डि विलियर्स और कायरन पोलार्ड जैसे दिग्गजों से करते हुए कहा कि फिनिशर के रूप में मैच जिताने में इंग्लैंड का यह आक्रामक बल्लेबाज किसी से कम नहीं है। रॉयल्स के स्पिनरों ने सोमवार को हुए इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नै सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 125 रन पर रोका जिसके बाद बटलर ने 48 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को सात विकेट की आसान जीत दिलाई।

स्मिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'वह (बटलर) किसी से कम नहीं है। हम



भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है। उनकी बल्लेबाजी में इतनी अधिक विविधता है।' बटलर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं लेकिन स्मिथ ने सुपर किंग्स के खिलाफ उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि टीम के संतुलन के लिए यह जरूरी था। स्मिथ ने कहा, 'जोस शीर्ष पर अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। उनमें वे चीजें करने की क्षमता है जो डि विलियर्स, पोलार्ड और (हार्दिक) पंड्या कर सकते हैं। ये खिलाड़ी अंतिम ओवरों में आपको मैच जिता सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'यह मुश्किल था (बटलर को बल्लेबाजी क्रम में नीचे करना) लेकिन यह मध्यक्रम को स्थिरता देता है।' स्मिथ ने बटलर के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की अटूट साझेदारी की और वह नतीजे से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'विकेट आदर्श नहीं था। मैं साझेदारी निभाने का प्रयास कर रहा था। जोस अच्छी गति से रन बना रहे थे। जोखिम उठाने की कोई जरूरत नहीं थी, सिर्फ साझेदारी करनी थी, आराम से खेलो और जीत तथा दो अंक हासिल करो।'

## खिलाड़ी जिसने क्रिकेट को बदलकर रख दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग का 42वां जन्मदिन है। आज ही के दिन सन 1978 मे पैदा हुए सहवाग ने अपने स्टाइल से क्रिकेट के खेल में कई कीर्तिमान बनाए। साल 2001 की बात है भारतीय टीम 69 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। सचिन तेंडुलकर क्रीज पर थे और उनका साथ देने उतरा डेब्यू कर रहा एक खिलाड़ी। 23 साल का युवा बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग। सहवाग की घरेलू क्रिकेट में पहचान ताबड़तोड़ बल्लेबाज की थी। यह टेस्ट क्रिकेट था। वह भी साउथ अफ्रीका में। तेज और उछालभरी पिचें। और उस पर रफ्तार से गेंदबाजी करते शॉन पॉलक और मखाया नतिनी। पर इस लड़के ने आते ही जवाबी हमला बोला। शानदार स्ट्रोक्स लगाए। अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर के हर शॉट को मैच करते हुए। और शतक लगाया। अपने पहले ही टेस्ट में सेंचुरी। 19 चौकों के साथ। यह वीरेंदर सहवाग के टेस्ट करियर का आगाज था। सहवाग को इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद तो उन्होंने रेकॉर्ड्स का अंबार लगाना शुरू कर दिया।

## न्यूज डायरी



### इस विकेट पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था: स्मिथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। राजस्थान रॉयल्स ने शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मैच में चेन्नै सुपर किंग्स को एक मुश्किल विकेट पर सात विकेटों से मात दी। मैच के बाद राजस्थान के कप्तान स्टीव स्मिथ ने माना कि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नै को 20 ओवरों में 125 रन ही बनाने दिए और तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद स्मिथ ने कहा, 'विकेट धीमी थी। इस पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। मुश्किल मैच था, लेकिन जीतने वाली टीम बनकर अच्छा लग रहा है।' अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी की। मध्य के ओवरों में स्पिनरों ने शानदार काम किया। श्रेयस गोपाल के बीते दो साल हमारे लिए अच्छे रहे हैं और इस साल तेवतिया, चाहे बल्लेबाजी में हो या गेंदबाजी में, या फील्डिंग में, उन्होंन अपना काम किया है।'

### चोट के चलते कोलोन टेनिस टूर्नमेंट से हटे ब्रिटेन के दिग्गज एंडी मरे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पूर्व वर्ल्ड नंबर–1 ब्रिटेन के एंडी मरे ने चोट के कारण जर्मनी के कोलोन में होने वाले टेनिस टूर्नमेंट से हटने का फैसला किया है। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार, मरे ने कूल्हे की सर्जरी के बाद जनवरी 2019 में कोर्ट पर वापसी की थी और 2017 के बाद से पहली बार एंटवर्प खिताब जीता था लेकिन पिछले साल नवंबर में डेविस कप के दौरान उन्हें कूल्हे में फिर से परेशानी हुई और वह कोरोना वायरस के बाद ही कोर्ट पर वापसी कर सके थे। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चौंपियन मरे ने रविवार को फेसबुक पेज पर लिखा, 'यह यूएस ओपन के बाद से हो रहा है। मैं अभ्यास करके इससे उबरने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन दुर्भाग्य से यह इस सप्ताह से फिर परेशान कर रहा है। उन्होंने आगे लिखा, मैं पिछले कुछ दिनों से अभ्यास कर रहा हूं और इस पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन आज खेलने के बाद, मैंने फैसला किया कि यह पर्याप्त नहीं है।'

### 10.75 करोड़ का यह बल्लेबाज नहीं लगा पाया अब तक एक भी छक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में जिस टीम का बल्ला जमकर बोल रहा है उसी टीम का सबसे महंगा खिलाड़ी फ्लॉप साबित हुआ है। बड़े रुतबे और नाम के साथ टूर्नामेंट में उतरे तूफानी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला अब तक खामोश ही रहा है। अब तक के खेले 9 मुकाबले में इस बल्लेबाज ने एक भी छक्का नहीं लगाया है और फ्लॉप बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल है। किंग्स इलेवन पंजाब ने ऑस्ट्रेलिया के इस धुरंधर खिलाड़ी पर पिछले साल हुई नीलामी में भारी भरकम रकम का दाव लगाया था। 10.75 करोड़ की बोली लगाते हुए पंजाब की टीम ने मैक्सवेल को अपने साथ जोड़ा था। इससे पहले भी साल 2014 में वह इस टीम के लिए काफी अच्छा कर चुके थे। ऐसे में टीम को इस बार भी उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन मैक्सवेल ने सबको निराश किया है।

### पाकिस्तानी क्रिकेटरों को वीजा देने के लिए बीसीसीआई के संपर्क में आईसीसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने कहा कि उनका बोर्ड चाहता है कि अगले साल अक्टूबर में भारत में होने वाले टी–20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) उसके खिलाड़ियों और अधिकारियों के वीजा मद्दे पर जनवरी 2021 तक आश्वासन दे। पीसीबी के सीईओ ने यह भी पुष्टि कर दी है कि निकट भविष्य में भारत–पाक के बीच द्विपक्षीय सीरीज की कोई संभावना नहीं है और 2023 से शुरू होने वाले आगामी भविष्य दौरा कार्यक्रम में भी इसे जगह नहीं दी जाएगी। भारत अक्टूबर में टी–20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए पीसीबी ने आइसीसी से आश्वासन मांगा है कि वे उनके खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों की वीजा प्रक्रिया का निपटारा करेंगे।